## खबर संक्षेप

### गीता जयंती महोत्सव पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**मण्डला।** रानी दुर्गावती स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत गीता जयंती महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन, विद्यार्थी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन एवं श्रीमद्भगवद्गीता का पूजन और आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का व्यवहारिक मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि आज की तेज़ रफ़्तार दुनिया में गीता के उपदेश हर व्यक्ति को शांति, संतुलन और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर ले जाते हैं। श्री कुशराम ने युवाओं से गीता के संदेशों को आत्मसात कर समाज निर्माण में योगदान देने की अपील की। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान हर युग के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति द्वंद्व और भ्रम की स्थिति में होता है, तब गीता का सार उसे सही दिशा प्रदान करता है। श्री कछवाहा ने समाज में नैतिक मूल्यों, सद्भाव और सेवा-भाव को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में इस्कॉन टेम्पल उज्जैन से पधारे धर्मगुरु ने गीता सार का अत्यंत सरल और प्रभावी वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने जीवन में कर्तव्य, आत्मज्ञान, समभाव और कर्मयोग के महत्व को समझाते हुए कहा कि गीता मानव जीवन को दिशा देने वाली अद्वितीय धरोहर है। उनके प्रवचन के दौरान पूरा सभागार भाव-विभोर हो उठा।

## खुले कुयें में मोटर डालकर दूषित जल प्रदाय करने के आरोप

# दम तोड़ रहा जल जीवन मिशन





### * गुणवत्ताहीन बनी पानी की टंकियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

जल जीवन मिशन (जेजेएम) भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत भवनों, और स्वास्थ्य केंद्रों जैसे सार्वजनिक संस्थानों को भी नल से जल की आपूर्ति की जाएगी।

उक्त योजना पर मंडला जिला में 2019 से कार्य चल रहा है, और विभागीय पोर्टल अनुसार 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन से जल प्रदान करने का लक्ष्य था, लेकिन तय समय सीमा से एक वर्ष अधिक बीत जाने के बाद भी एक तिहाई से ज्यादा कार्य अपूर्ण हैं, वहीं अनेकों ग्रामों में पिछले 2 वर्षों से अधूरे बने पानी के ओवर टैंक इस कदर कमजोर हो गये हैं कि इनके पूर्ण होने के बाद किस वक्त भरभरा कर ढह जाएं कहा नहीं जा सकता।

क्षेत्र में लगभग हर तीसरे ग्राम में यह योजना दम तोड़ती दिखाई दे रही है, वहीं अगर कहीं योजना से पानी आपूर्ति है तो पंचायत रखरखाव में घोर कोताही बरत रही है। मिशन से लगाये गये घरेलू कनेक्शन के पाइप वर्षों से खुले पड़े हैं साथ ही योजना के कर्ता धर्ताओं ने खुले कुंयें के दूषित पानी में मोटर डाल अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है, वहीं कुछ मोटर ऑपरेटिंग चेम्बर को बोरी से ढंककर रस्सियों से हमेशा के लिये जकड़ रखा है तो कुछ जगहों पर जंक्शन चेम्बर खाली खड़े हैं।

इससे भी शर्मनाक यह कि जिन पानी की टंकियों का निर्माण गुणवत्ता हीन किया गया है, और ये उपयोग के पहले ही फटकर जर्जर हो गईं इनके भ्रष्ट जिम्मेदारों पर शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई ये गंभीर सवाल है। जबकि जिले में ही पीएचई मंत्री और लंबे समय से निवास विधान व मंडला लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते आ रहे सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते भी हैं।

मंडला जिले के निवास/बीजाडांडी/नारायणगंज में जेजेएम योजना द्वारा आम जन को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के कार्य में मिशन के जिम्मेदारों की घोर अनियमितता जारी है, बेपटरी हो चली उक्त योजना जब पाँच सालों में अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई, तब दो वर्ष की अतिरिक्त मिली अवधि में योजना अनुरूप कार्य हो पाना कठिन दिखाई देता है।

सूत्रों के अनुसार विभाग ने योजना को अंजाम देने लागत राशि के प्रथम सर्वे में ही बड़ी गड़बड़ी की, या यह भी कहा जा सकता है कि विभागीय अधिकारियों ने कार्य की लागत का जमीनी गणना में लापरवाही की जिससे अनेकों कार्य अधूरे पड़े रह गये या ये भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गये।

वहीं विभाग कह रहा है कि ऐसे अधिकांश अधूरे कार्यों को (रिवाइज) में लिया जाकर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त राशि की मांग की गई है, और सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि नये कार्यों को शुरू करने के विरुद्ध पिछले दो से ज्यादा वर्षों से अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई?

ज्ञात हो कि विभागीय पोर्टल अनुसार योजना के सभी कार्य के पूर्ण होने 2027 तक की डेड लाइन दी गई है।

जो कार्य दिये गये समय पर पूरे नहीं किये गये उसके पीछे क्या कारणों की जांच की गई कार्य समय पर नहीं हुये इसके पीछे किसकी गलती थी क्या उसे पता किया गया और लापरवाही करने वालों पर क्या कोई दण्डात्मक कार्यवाही की गई इसके साथ ही बढ़ते समयकाल के साथ-साथ जो लागत भी बढ़ रही है तो बढ़ती लागत का आवंटन कहां से होगा और क्या इस आवंटन का उपयोग पुनः ईमानदारी से होगा या फिर यह भी लापरवाही की भेंट चढ़ जायेगा।




### 5 जनवरी से प्रारंभ होंगी प्रीबोर्ड की परीक्षायें

**मण्डला।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की प्रीबोर्ड परीक्षाओं के आयोजन हेतु लोक शिक्षण भोपाल द्वारा समय सारिणी जारी की गई है। प्रीबोर्ड की परीक्षायें माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी अंक योजना एवं बोर्ड परीक्षा पैटर्न पर आधारित होंगी। परीक्षाओं के आयोजन हेतु प्रश्नपत्र राज्य स्तर से प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बरकडे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रश्नपत्र विमर्श पोर्टल पर परीक्षा दिवस के एक दिन पूर्व प्राचार्य लॉगिन पर उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र ओटीपी से प्रोटेक्ट रहेगा। प्रश्नपत्र डाउनलोड करते समय ओटीपी प्राचार्य के मोबाइल नम्बर पर भेजा जावेगा। सम्बंधित संस्था के प्राचार्य छात्र संख्या के अनुसार प्रश्नपत्रों की फोटोकापी, मुद्रण करायेंगे। प्राचार्य फोटोकापी, मुद्रण कराने हेतु एक शिक्षक को अधिकृत करेंगे जो फोटोकापी, मुद्रण कराते समय दुकान पर मौजूद रहेगा एवं अपने समक्ष ही कार्य करायेगा। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने की समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित विद्यालय के प्राचार्य की होगी। बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री महेन्द्र श्रीवास ने बताया कि परीक्षा उपरान्त विषय शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकायें विद्यार्थियों को उनकी त्रुटियां दर्शाते हुये अवलोकन करायेंगे। ऐसे प्रश्न जो विद्यार्थी हल नहीं कर पा रहे हैं अथवा जिन प्रश्नों में त्रुटि हुई है विषय शिक्षक से उनका अध्यापन करावाकर विद्यार्थियों से अभ्यास करायेंगे। परीक्षा परिणाम एवं प्रश्नपत्रों के आधार पर विषय शिक्षक से कठिन बिन्दुओं को चिन्हांकित करवाकर विशेष कक्षाओं का आयोजन भी अनिवार्य रूप से किया जावेगा।

# नगर के विनोद रंग मंच में गीता जयंती पर हुआ कार्यक्रम

### * रणभूमि में रची गई थी श्री मद भगवत गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



परशुराम कल्याण बोर्ड, भोपाल, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर विनोद रंगमंच, बिछिया में शासन प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया, उसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से गीता आरती की गई। इसके पश्चात आगंतुक अतिथियों जनपद अध्यक्ष श्रीमती सकुना उईके, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, पार्षदगण शशिकांत श्रीवास्तव, अजय पुरी गोस्वामी, विकास गवले, नरेश कसार, पूनम रजक, परशुराम कल्याण बोर्ड के बिछिया तहसील प्रभारी रजनीश पाण्डेय, नगर के गणमान्य नागरिक अशोक पाण्डेय, पुरुषोत्तम शुक्ला, दीपक ज्योतिषी आदि का स्वागत वंदन प्रशासनिक अमले द्वारा किया गया। इसी तारतम्य में परशुराम कल्याण बोर्ड, भोपाल (म.प्र.) के बिछिया तहसील संयोजक विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व के बारे में बतलाया गया कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल हिन्दू धर्म के ग्रन्थ तक सीमित नहीं वरन संपूर्ण विश्व एवं मानव समाज के कल्याण का अदभुत साहित्य है, पूर्व राष्ट्रपति महामहिम ए पी जे अब्दुल कलाम साहब भी गीता का पठन किया करते थे एवं उन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र को अर्पित किया। गीता एक ऐसा ग्रंथ है जो रणभूमि में रचा गया और मानव जीवन भी एक रणभूमि है, जहां विजय पाने के लिए गीता को आत्मसात करना चाहिए। उक्त उद्बोधन के पश्चात श्रीमद्भगवद्गीता के 15 वें अध्याय के श्लोकों का पाठन उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को कराया गया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को गीता साहित्य वितरण किए गए। कार्यक्रम के अंत में तहसील प्रभारी रजनीश पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित एवं सहयोगी सभी प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, आए हुए अतिथियों, सभी स्कूली छात्र छात्राओं को आभार प्रकटन किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के साथ जनपद पंचायत बिछिया के सीईओ, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, बीओ, बीआरसी, बीएसी, नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी सहित स्कूली छात्र छात्राएं तथा नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन** | लोधी क्षत्रिय समाज का आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

# प्रयास करें प्रयास से ही सफलता मिलती है

### * युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शिक्षा किसी से नहीं करती भेदभाव, समाज की प्रगति के लिए करें कार्य

मंडला। लोधी क्षत्रिय समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन बम्हनीबंजर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकेश कुमार लिल्हारे कमिश्नर जीएसटी जबलपुर, आचार्य हरि गोविंद दास महाराज प्रमुख पुराणाचार्य मथुरा-वृंदावन, साध्वी राधिका पटेल, अपराजिता आईएसएस एकेडमी की डायरेक्टर चंद्रसिंह पटेल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक, प्रदेशाध्यक्ष आलोक मध्यप्रदेश एस.के. गिरिया, अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष संजय पटेल, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम पटेल सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लोकेश लिल्हारे ने कहा कि प्रयास करें, प्रयास से ही सफलता मिलती है। आप में से ही आगे चलकर कलेक्टर और एसपी निकलेंगे। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि जो बेटियां 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर सफल हो रही हैं, उनके विवाह में जल्दबाजी न करें, उन्हें अपनी मंजिल हासिल करने दें, उसके बाद विवाह कराएं। युवाओं को सीखते रहने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। जो युवक जुआ, सट्टा और नशे का आदि हों, ऐसे युवकों को अभिभावक अपनी बेटियां न दें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और युवाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

प्रतिभावानो का सम्मान कक्षा 10वीं और 12वीं में आगामी परीक्षा वर्ष 2025 के लिए 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के एक सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को रानी अवंति बाई का मोमेंटो, प्रमाणपत्र, डाक्यूमेंट्री फाइल और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही शासकीय सेवा प्राप्त करने वाले, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले, सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा समाज के उल्लेखनीय योगदान कर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। लोधी धर्मशाला निर्माण में विशेष सहयोग करने वालों को भी सम्मान दिया गया। आचार्य हरि गोविंद दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि न दहेज लें न दें, जो दहेज की मांग करे उस घर में बेटी का विवाह न करें, शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। साध्वी राधिका पटेल ने कहा कि बेटों और बेटियों में भेदभाव न करें, बेटियों को भी उच्च शिक्षा प्रदान करें। युवक-युवती पंजीयन का कार्य हुलकर सिंह (बंधु) ठाकुर और उनकी टीम ने किया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदांता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोबा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण**- 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण**- 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक



**नरसिंहपुर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को गन्ना खरीदी की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही पुल निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की कार्यप्रगति की समीक्षा कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### धुनी वाले दादा की जयंती आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नेहरू वार्ड झिरना स्थित दादा धाम में पूज्य श्री केशवानंद जी महाराज (दादा धुनी वाले) की समाधि दिवस तिथि इस वर्ष अनंत त्रयोदशी के अवसर पर श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में दादा भक्त मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, दादा की पुण्यतिथि पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है तथा भजन-कीर्तन की सुगंधित आध्यात्मिक धारा दोपहर 12 बजे से आरंभ होगी। दादा भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित दादा धाम पहुँचकर इस पावन अवसर पर शामिल हों और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### शाल श्रीफल से दी विदाई



**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर पालिका में पदस्थ इंजी साकेत नगरिया को सेवानिवृत्ति पर शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीरज महाराज ने श्री नगरिया को शाल, श्रीफल और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने उनके निकाय कार्यों और सामाजिक क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अभी हमें आपके सहयोग और अनुभव की आवश्यकता है। आप केवल सेवानिवृत्त नहीं हुए हैं, बल्कि अब आप हम सभी के लिए और अधिक सेवायुक्त बन गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने श्री नगरिया के कार्यकाल को कर्मचारियों के हित में एक मजबूत स्तंभ बताया।

### गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**तेंदूखेड़ा।** गीता जयंती के पावन महा महोत्सव के उपलक्ष्य में तेंदूखेड़ा के मध्य श्री राम रसिया हनुमान मंदिर परिसर में बड़ी धूमधाम से नगर के विद्वान ब्राह्मणों सभी क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलित कर भगवान योगेश्वर कृष्ण की पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित कृष्णकांत शास्त्री ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योगेश्वर भगवान कृष्ण ने गीता में सकाम निष्काम कर्म की विस्तृत व्याख्या की है। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन 'का उदाहरण देते हुए कर्म के अधिकार का विस्तार से वर्णन किया ।आचार्य पं प्रमोद पचौरी ने गीता को जीवन प्रबंधन का सुंदर ग्रंथ बताते हुए कहा कि गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है।18 अध्याय और 700 श्लोक वाली श्रीमद् भगवत गीता रूपी संहिता का गीता गायक आदि नारायण योगेश्वर कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को माध्यम बनाकर मानव को उसके कर्तव्य का बोध कराने के उद्देश्य को लेकर जीवन की मार्गदर्शिका रूपी गीता का उपदेश किया। व्यास भगवान ने कई पुराणों उपनिषदों और कई शास्त्रों के बाद गीता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए बताया है कि गीता को हृदयस्थ करने के बाद इसका अच्छी तरह से मनन चिंतन करने के बाद किसी और शास्त्र के विस्तार की आवश्यकता शेष नहीं रह जाती। गीता की श्रेष्ठता और महत्ता के कारण आज भारत ही नहीं विश्व के कई संप्रदाय के लोग और सभी क्षेत्र के लोग भी गीता को अपना मार्गदर्शक ग्रंथ मानते हैं।

## श्रीमद्भगवत गीता के 15वें अध्याय का हुआ वाचन

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर एक दिसम्बर 2025 को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में किया गया। इस दौरानघ् गीता पाठियों के द्वारा श्रीमद्भगवत गीता के 15 वें अध्याय का कंठस्थ पाठ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके पश्चात श्रीमद्भगवत गीता जी की आरती की गई। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर के चेयरमेन डॉ. अनंत दुबे, अन्य जनप्रतिनिधि, विश्व गीता प्रतिष्ठानम्‌ परसराम बोर्ड व भारत विकास परिषद गीता निकुंज परिवार रामाश्रय सत्संग, विश्व गायत्री परिवार, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम, गणमान्य नागरिक, शासकीय महाविद्यालय और निजी एवं शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी व शिक्षकगण मौजूद थे।

### गीता से प्राप्त हो है मार्गदर्शन

मुख्य आतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। आज गीता जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हम भाग्यशाली है कि भगवान श्रीकृष्ण की विद्यास्थली सांदीपनि आश्रम उज्जैनी मध्यप्रदेश के निवासी हैं। इस नाते हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों एवं वचनों को अपने जीवन में लाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन की यह अभिनव व प्रभावी पहल तथा श्रीमद्भगवत गीता के प्रति गीता जयंती महोत्सव के रूप में हम सभी को धरोहर के रूप में प्राप्त हो रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शासन व प्रशासन समाज और युवा पीढ़ी के जीवन आदर्श एवं सद्व्यवहार की प्रेरणा प्रसारित करने का कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ वाचन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामकृष्ण मठ के युवा सन्यासी स्वामी मानदानंद जी ने बताया कि श्रीमद्भगवत गीता अपने कर्त्तव्य पर दृढ़ होकर चलने की अभिप्रेरणा मिलती है। महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन के गहन संशयों एवं जिज्ञासाओं से उपजे प्रश्नों के समाधान स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ने ज्ञान, कर्म और भक्ति योग्य के त्रिगत संयोग से सनातन के आधारभूत चिंतन की भावभूमि तैयार की है, जो आज भी और आने वाली पीढ़ियों को भी अपने आलोक से ऊर्जांवित करती रहेगी। कार्यक्रम में 15 वें अध्याय के संक्षिप्त व्याख्या संस्कृत के आचार्य शशिकांत मिश्र ने की। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर आधारित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में मप्र जन अभियान परिषद व कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी जयनारायण शर्मा ने श्रीमद्भगवत गीता के 15 वें अध्याय पुरूषोत्तम योग्य का सश्वर वाचन- अनुवाचन कर कार्यक्रम का संचालन किया और सुनील कोठारी ने आभार व्यक्त किया।

### बरहटा स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गीता महोत्सव



शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में धूमधाम से गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती पूजन के साथ मुख्य अतिथि सुरेश गिरधोनिया वरिष्ठ पत्रकार एवं विशिष्ट अतिथि राकेश बक्शी, मोहनलाल पटेल, पी एस किन्कर पूर्व शिक्षक एवं पूर्व सरपंच शंकर प्रजापति, विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी एवं सुनील दीक्षित के द्वारा किया गया। प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी द्वारा ईश्वंदना व ज्ञान, वैराग्य तथा मोक्ष के मार्ग का संदेश कार्यक्रम में बांटा। अतिथि स्वागत पुष्पगुच्छ व तिलक लगाकर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया।गुरूवंदना की प्रस्तुति विद्यालय शिक्षक शंकर राजभर एवं छात्राओं द्वारा दी गई। राकेश बक्शी स्काउट गाइड ब्लॉक अध्यक्ष ने उद्बोधन में गीता के ज्ञान मन, बुद्धि, चेतना एवं शरीर तथा योगों का सार विद्यार्थियों को समझाया। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षक भागचंद झरिया ने पूर्व जनपद सदस्य बृज भूषण बाजपेई के शुभ संदेश को विद्यार्थियों के सामने पढ़ा। इस दौरान 9वीं के छात्र वेदांत गिरधिनिया एवं छात्राओं ने गीता के 15वें अध्याय का सस्वर वाचन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों को शंकर प्रजापति ने रामायण एवं गीता के उद्धरणों से मार्गदर्शन प्रदान किया। पूर्व शिक्षक मोहन पटेल वेदों के सार को विद्यार्थियों को गायन करके बताया। मंच संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक तरुवर पटेल ने किया।पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी, शिक्षक एवं अतिथिगण जोश, हर्षौल्लाश एवं ज्ञान से भरें रहे। कार्यक्रम का आभार गनी मोहम्मद ने प्रकट किया।

# अमर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जिले के गौरव एवं एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के पूर्व स्नातक छात्र अमर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए महाविद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एन. राव एवं एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा अमर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा के छायाचित्र पर पुष्पचक्र अर्पित किए गए। एम.आई.एम.टी. एन.सी.सी. कम्पनी की सम्मान गारद द्वारा अमर शहीद को सलामी दी गई। चेयरमैन इंजी. रूद्रेश तिवारी ने शहीद आशीष के प्रति श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन संस्मरण एवं मधुर यादों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमर शहीद आशीष शर्मा की स्मृति को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु महाविद्यालय संकल्पित है। मेजर डॉ. पराग नेमा ने अमर शहीद शर्मा के जीवनवृत पर विस्तार से प्रकाश डाला। विज्ञान संकाय विभाग अध्यक्ष श्रीमती अनीता रघुवंषी ने पूर्व स्नातक शर्मा के दृढ़ संकल्पित, सरल, सहज व्यक्तित्व तथा कृतित्व को रेखांकित किया। श्रद्धांजलि सभा में समस्त विभागाध्यक्ष, स्टॉफ मेम्बर्स, अमर शहीद के पूर्वछात्र सहपाठी मित्रों तथा छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सहपाठी छत्रपाल सिंह राजपूत एवं अभय सिंह पटेल ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए शहीद शर्मा के प्रेरक जीवन एवं सौम्य व्यवहार से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सहा. प्राध्यापक श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर सहपाठी पूर्व छात्र तरुण नेमा, डॉ. दीपिका शर्मा, जी.डी. ऊमरे, आई.टी. ऑफिसर प्रसून नेमा सहित स्टॉफ मेम्बर्स, छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी. कैडेट्स, रासेयो स्वयंसेवकों ने अमर शहीद को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन मौन श्रद्धांजलि के साथ किया गया।

# साइकिल पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

नगर के सांदीपनी सी एम राइज विद्यालय करेली में आज विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे जब उन्हें मुफ्त साईकिल वितरित की गई। इस आयोजन में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक,वरिष्ठ शिक्षक ताराचंद्र परासर, नपा उपाध्यक्ष अनीता नेमा, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र स्वामी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया इस अवसर पर विद्यार्थियों को साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जालम सिंह पटेल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा के महत्व को समझाया और इस योजना के तहत विद्यार्थियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को स्पष्ट किया। श्री पटेल ने कहा,शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को हर संभव सहायता मिलनी चाहिए ताकि वे अपनी पढ़ाई में मनोयोग से लगे रहें। जब छात्रों ने अपने नए साईकिलों को सस्मान ग्रहण किया। साईकिल वितरण के बाद छात्रों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी साफ देखी जा सकती थी। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के मनोबल को और अधिक बढ़ाया और उनके लिए एक नई उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत बना इस पहल के माध्यम से सी एम राइज विद्यालय करेली ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है और यह बच्चों को न केवल बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी मददगार साबित होगा।



### स्कूली बसों में क्षमता से अधिक बिठाये जाते हैं छात्र छात्राएं

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा के एक स्कूल में आवागमन के लिए लगी बसों की खराबी एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्राओं के द्वारा एस डी एम सुश्री पूजा सोनी को अपनी वेदनाओं से अवगत कराया।एस डी एम ने छात्रों से लिखित रूप से आवेदन देने की बात रखते हुए प्रबंधन के माध्यम से उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया है।गौरतलब रहे कि इन दिनों तेंदूखेड़ा के एक स्कूल में छात्रों को स्कूल तक लाने ले जाने के लिए जो बसें लगा रखी है उनकी फिटनेस सही नहीं है।आये दिन स्टेरिंग फेल होने डीजल सप्लाई पाइप लाइन फटने पट्टा टूटने जैसी घटनाएं घटित हो रही है। छात्रों में भय का माहौल देखने को मिलता है।स्कूल का समय मिलाने के लिए बच्चों को क्षमता से अधिक भरकर लाने ले जाने का क्रम चलता रहता है।

# 28 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या



**गोटेगांव।** स्थानीय आज़ाद वार्ड बैलहाई निवासी अमित बझैया 28 ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन तुरंत उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद अगले दिन पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। वही गोटेगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।*रहस्यमय तरीके से लापता किशोरी-छात्रावास में रहकर कर रही थी पढ़ाई*गोटेगांव थाना क्षेत्र के एक निजी छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाली एक किशोरी के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। आश्चर्य की बात यह है कि छात्रावास प्रबंधन की ओर से पुलिस में कोई सूचना नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार छात्रावास एक निजी मकान को किराये पर लेकर संचालित किया जा रहा है। पूर्व में एसडीएम निरीक्षण के दौरान यहां अनेक अनियमितताएँ पाई गई थीं, जिनके बाद भी छात्रावास प्रबंधन द्वारा सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। बताया जा रहा है कि किशोरी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर परिसर के बाहर वाले हिस्से से भगा ले गया। छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां पदस्थ अधीक्षिका अक्सर अनुपस्थित रहती हैं और अधिकांश समय संचालन एकमात्र कर्मचारी के भरोसे चलता रहता है। छात्राओं की सुरक्षा और निगरानी में गंभीर उदासीनता बरती जा रही है, जिसके चलते इस तरह की घटना घटित हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



### एड्स दिवस पर प्रतियोगिता

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर संत मौनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसमें निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगितायें आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्षा वैष्णव द्वितीय स्थान निशा जाटव तृतीय स्थान जया कुशवाहा ने प्राप्त किया साथ ही सांत्वना पुरस्कार साक्षी लोधी एवं राधिका साहू ने प्राप्त किए।कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने सहभागिता की एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम रेड रिबिन क्लब प्रभारी श्रीमती अरुणा जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज गोहचर आगमन भक्तों द्वारा स्वागत

**गोटेगांव**



गोटेगांव के पास गोहचर में स्वामी श्री का आगमन हुआ, और वहाँ गुरु भक्तों ने फूल-मालाओं, अंगवस्त्र से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया — दिव्य और भावपूर्ण दृश्य धार्मिक आयोजनों में शंकराचार्य जी की उपस्थिति *सनातन धर्म की परंपरा*, *गुरु-भक्ति*, और *सामाजिक एकता* का संदेश देती है। गोहचर जैसे छोटे स्थान पर भी इतनी बड़ी हस्ती का आना, लोगों के लिए प्रेरणा बन जाता है।इस अवसर पर भक्तों इस उपस्थिति रही त्रिभुवन सिंह अवस्थी अजमेर सिंह राजेन्द्र सिंह राजपूत महेन्द्र सिंह राजपूत राघवेंद्र राजपूतगोपाल सिंह राजपूत (पंडा बाबा)सतेंद्र सिंह राजपूत स्वप्निल सिंह राजपूत (म.प्र करणी सेना उपाध्यक्ष करन मासब अखिलेश पटेल मुकेश सेन रुद्रप्रताप सिंह बीरेन्द्र झारियाजितेंद्र मासाब कंछेदी पटेल देवनगर एवं सूरज शर्मा मातृशक्ति युवा बुजुर्ग बच्चों की उपस्थिति रही।जय गुरुदेव!

# निर्माणाधीन सड़क डेढ़ साल में धंसी, ग्रामीणों ने कहा यह भ्रष्टाचार की खुली मिसाल

### गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल, निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर सवालिया निशान

**गोटेगांव**



गोटेगांव से नरसिंहपुर को जोड़ने वाली वह प्रमुख सड़क, जो खोबी रहली, कमोद, सांकल, धमना और नयागांव जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से होकर गुजरती है, अब निर्माण की धीमी गति और निम्न गुणवत्ता के चलते गंभीर सवालों के घेरे में है। स्थिति चिंताजनक है कि इस मार्ग का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ से दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है, और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि निर्माणाधीन अवस्था में ही सड़क कई स्थानों पर धंसने लगी है। स्थानीय निवासियों ने निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर आपत्तियाँ उठाई हैं और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का साफ तौर पर उल्लंघन किया गया है। विशेष रूप से खोवि और सांकल के बीच स्थित पुलिया की हालत अत्यंत दयनीय है। यह पुलिया अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई है, लेकिन पहले से ही कमजोर और जर्जर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल भी इस पुलिया से सुरक्षित नहीं निकल सकती, जो किसी बड़े हादसे को निमंत्रण दे रही है। स्थानीय निवासी संतोष पटेल और रामेश्वर पटेल ने स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के निर्माण के चलते यह सड़क अधिक समय तक टिक ही नहीं पाएगी। उनके कथन ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर संदेह को और गहरा कर दिया है। वहीं, एक अन्य ग्रामीण ने प्रशासनिक लापरवाही पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी मुश्किल से सड़कें बनती हैं, लेकिन जब निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार शामिल हो जाए तो उसकी सज़ा आम जनता को भुगतनी पड़ती है। यह आरोप निर्माण की पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़ा करते हैं। ग्रामीणों ने इस कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, जनपद प्रशासन और निर्माण एजेंसी की भूमिका पर संदेह व्यक्त किया है। आमजन की मांग है कि संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण की गुणवत्ता की गहन जाँच करें और दोषी पाए जाने वालों पर तुरंत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता की यह पीड़ा ईमानदार प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुँचना आवश्यक है, ताकि भविष्य में गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो सके और लोगों को टिकाऊ व सुरक्षित सड़क का लाभ मिल सके।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रामकिशोर पटेल पिता मानसिंह पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी टेकापार पो. काचरकोना तह. तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर का स्थाई निवासी हूं। यह कि मेरी पत्नि श्रीमती अर्चना बाई पटेल ने अग्रवाल हास्पिटल में दिनांक 30.12. 2016 में पुत्र सारांश पटेल एवं दिनांक 12.03.2020 को पुत्री सान्वी को जन्म दिया था। यह कि दोनों पुत्र एवं पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका द्वारा बनाया गया था जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम किशोर कुमार पटेल दर्ज हो गया है। जबकि मुझ शपथकर्ता का सही नाम रामकिशोर पटेल है। जो कि सम्पूर्ण दस्तावेजों में दर्ज है। जो कि सत्य व सही नाम है। अत: मेरे पुत्र एवं पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम रामकिशोर पटेल दर्ज कराना चाहता हूं। एवं पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में देवराज सिंह के स्थान पर सारांश पटेल लिखा जाए इस हेतु शपथ पेश कर रहा हूं।

**पूर्व का नाम-किशोर कुमार पटेल**
**सही नाम-रामकिशोर पटेल**
**शपथकर्ता-रामकिशोर पटेल**